केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

संख्या : कोर/जी/पीआर/10/09 दिनांक 19/09/2024

मुख्य संपादक
प्रयागराज

प्रेस विज्ञप्ति

राजभाषा पखवाड़ा उद्घाटन समारोह सम्पन्न

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में दिनांक 19.09.2024 को मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, श्री यतेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर राजभाषा पखवाड़ा का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया । इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य बिजली इंजीनियर, श्री एस.एस.नेगी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि 14 सितम्बर, 1949 ही वह ऐतिहासिक दिन था जब हिंदी को संविधान में राजभाषा का गौरवमय स्थान प्राप्त हुआ था । इसी स्मृति में प्रतिवर्ष इस तिथि को हिंदी दिवस के राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाता है । उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे अपने दिन- प्रति-दिन के सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी प्रेरित करें । उन्होंने कहा कि इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है । आप सब इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लें ताकि प्रतियोगिताओं का आयोजन सार्थक साबित हो सके ।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री यतेन्द्र कुमार ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि अनुच्छेद 351 में भारत सरकार को यह उत्तरदायित्व सौंपा गया है कि वह हिंदी भाषा का प्रचार-प्रसार बढ़ाए और उसका विकास करे । परिणामस्वरूप सभी विभाग हिंदी के प्रयोग के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत हैं । उन्होंने कहा कि भारतीय रेल देश की अर्थव्यवस्था और विकास का मेरुदंड है । भारतीय रेल जहां देश की परिवहन प्रणाली का मजबूत आधार है वहीं हिंदी के माध्यम से राष्ट्र की एकता और अखंडता को भी सुदृढ़ करती हैं । रेलें आम जनता से जुड़ी हैं अत: रेलों में जनभाषा एवं राजभाषा हिंदी का प्रयोग अनिवार्य है । उन्होंने कहा कि हम सब दृढ़ निश्चय के साथ यह संकल्प लें कि अपने सभी सरकारी कामकाज हिंदी में करेंगे ।

समारोह में मुख्यालय के विभागाध्यक्ष श्री वी.के.गर्ग, वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री नरेन्द्र सिंह, मुख्य इंजीनियर सहित भारी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे । धन्यवाद ज्ञापन श्री बृजेन्द्र सिंह ,कार्यालय अधीक्षक एवं कार्यक्रम का संचालन श्री ब्रजेश खरे, मुख्य कार्यालय अधीक्षक ने किया ।

(विमल कुमार)
जनसम्पर्क □ धिकारी
कोर/प्रयागराज